हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 समन्वित प्रयासों और सहयोग से बैतूल होगा...



08 किसानों पर आफत, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे...



**खबर संक्षेप**

### विधायक के प्रयासों से रोजगार मेला 26 को

**सोहागपुर।** विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि नर्मदापुरम-रोजगार कार्यालय द्वारा 26 नवंबर 2025 बुधवार को पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक रोजगार मेला होगा। सरोज ने बताया कि मेले में प्रदेश के 10 प्रमुख विभागों सहित निजी क्षेत्र में युवाओं के लिये रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने सोहागपुर विधानसभा के समस्त युवा साथियों से अपील की है कि इस रोजगार मेले में आएं। तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

### लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। यह लोक अदालत वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी। जो तहसील स्तर के न्यायालयों, सहित सर्वोच्च न्यायालय तक आयोजित होंगी।

### नप ने चिन्हित स्थलों पर नहीं लगाए बोर्ड, नागरिकों की दो स्टापेज स्थल बढ़ाने की मांग

# मनमाने बस स्टॉपेज पर रोक के प्रशासनिक प्रयास बने दिखावटी

स्थानीय प्रशासन ने लगभग दो माह पूर्व निर्णय लिया था कि शहरी क्षेत्र में मनमाने ढंग से किए जाने वाले बस स्टॉपेज पर रोक लगाई जाएगी। लेकिन निर्णय कागजों पर ही लिखे रह गए तथा मैदानी रूप से क्रियान्वित नहीं हो सके हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिकों का कहना है कि कुछ सप्ताह पूर्व अधिकारियों ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों सहित युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद सभागार में बैठक की थी। बैठक में निर्णय लिया गया था कि यात्री बस स्टॉपेज सोहागपुर शहर में मात्र दो स्थलों पर किया जाएगा। पहला स्थल पिपरिया मार्ग पर बने नए बस स्टैंड के रूप में चिन्हित किया गया था, जबकि दूसरा स्थल लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस के समीप स्थित चौराहे को तय किया गया था। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि निर्णय के बाद से बस स्टॉपेज मनमाने ढंग से किया जाता है तो नियम अनुसार बस ऑपरेटर्स, चालक तथा परिचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्णय को लेकर नागरिकों का कहना है कि ये निर्णय मात्र प्रोसीडिंग रजिस्टर में दर्ज होकर रह गए हैं तथा आगे कुछ भी नहीं हो सका है।




#### नप कार्यालय में रखे बोर्ड

नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद ने कुछ बोर्ड बनाए हैं, जिनमें उल्लेख किया गया है कि बसों को निर्धारित स्थलों पर रोका जाए। साथ ही उल्लेख है कि अन्य गैर चिन्हित स्थलों पर बस रोकने वालों को कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन बोर्ड नगर परिषद कार्यालय में ही बना कर रखे गए हैं, इन्हें तय स्थलों पर अभी तक नहीं लगाया गया है। और बसों का मनमाना स्टापेज जारी है। नागरिकों का कहना है कि जब नगर परिषद ने राशि व्यय कर बोर्ड बनाए हैं, तो उन्हें लगाया भी जाए।

#### दो स्टापेज स्थल बढ़ाने की मांग

इधर नागरिकों का कहना है कि शहर में मात्र दो स्थानों पर बस स्टापेज का निर्णय अव्यावहारिक हो सकता है। क्योंकि लोनिवि रेस्ट हाउस के समीप का चौराहा तथा नया बस स्टैंड दोनों शहर के मुख्य आबादी वाले हिस्से से दूर हैं। अतः पुराना बस स्टैंड एवं सिविल कोर्ट चौराहे पर भी बसों के स्टापेज दिये जा सकते हैं। इसके अलावा यदि कहीं बसें रोकी जाती हैं तो उन पर कार्रवाई की मांग नागरिकों ने भी की है। नागरिकों का कहना है कि स्कूल व कॉलेज छात्राएं पुराने बस स्टैंड से तथा सिविल कोर्ट चौराहे से बस से आना-जाना करती हैं। अतः इन छात्राओं को परेशानी से बचाने के लिए इन दो स्थलों पर भी स्टापेज दिये जाने चाहिए। ताकि नागरिको को उक्त स्थलों पर वाहनों की सुविधा मुहैया हो सके।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसा

**10 चालान से 3000 जुर्माना वसूला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इटारसी पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। सघन चेकिंग अभियान यह अभियान यातायात प्रभारी विनय अडलक के निर्देशन में शनिवार को पुलिस टीम द्वारा थाना परिसर के सामने चलाया।

इस दौरान विशेष रूप से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की विस्तृत जांच की गई। कार्रवाई और जुर्माना जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए चालकों पर तत्काल कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वाले, सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चारपहिया चालकों, और वाहन के आवश्यक दस्तावेज (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी) नहीं रखने वाले लोगों पर की गई। पुलिस की अपील कार्रवाई के साथ ही, यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी। विभाग ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क हादसों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाने के लिए यातायात नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जेवर और मोटरसाइकिल समेत 1.44 लाख का माल पार

**इटारसी अनुभाग में एक ही दिन में अज्ञात चोंरो ने 2 ठिकानों को बनाया निशाना, पुलिस टीम कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर 64 हजार के जेवर उड़ाए, वहीं दूसरी घटना में एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई, जिसकी कुल कीमत 1.44 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### 64 हजार के जेवर चोरी

चोरी की पहली वारदात केसला थानांतर्गत ग्राम चांदकिया में हुई। फरियादी जीवनदास यादव




के मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने 19 और 20 नवंबर की दरम्यानी रात में मकान में सेंधमारी कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, चोरों ने घर से पुराने इस्तेमाल के जेवर चुराए, जिनकी अनुमानित कीमत 64 हजार रुपए है।

#### घर के सामने से 80 हजार की बाइक चोरी

चोरी की दूसरी घटना रामपुर थानांतर्गत ग्राम ग्वाड़ीखुर्द में हुई। फरियादी अनिकेत राजपूत पिता सुरेन्द्र सिंह राजपूत, 26 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उनके घर के सामने से अज्ञात चोरों ने उनकी मोटर सायकिल उड़ा ली। चोरी गई बाइक का नंबर एमपी 49, जेडए, 6824 है, जिसकी बाजार कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। यह वारदात भी देर रात को अंजाम दी गई।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

केसला और रामपुर थाने की पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 29 से पिपरिया के 2 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे, धार्मिक आयोजन होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र इतवारा बाजार में शराब ठेकेदार राहुल जायसवाल के निवास पर पूज्य पाद परमाराम परमधरमखधीस उतरामनाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 का पिपरिया आगमन हो रहा है। दो दिवसीय परम सानिध्य प्राप्त होगा। 29 नवंबर को धर्म प्रबोधन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। शनिवार शाम 3:30 से 5:30तक तथा दीक्षा पादुका पूजन गुरु स्तुति आरती 1 दिसंबर को माता अन्नपूर्णा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। अखिल ब्रह्मांड नायिका मां कामेश्वरी एवं भगवान कामेश्वर की आराधना एवं साध्य अभिषेक उत्सव श्री रूद्र सोल्पाहार का आयोजन किया गया है जो बुधवार से रुद्राभिषेक कियाजावेगा। जो 29 नवंबर तक चलेगा रुद्राभिषेक प्रातः 8:30 से 1:00 तक रूद्र सल्पाहार शाम 3:00 से 6:00 तक तथा संध्या आरती शाम 7:30 होगी रुद्राभिषेक एवं रूद्र स्वल्पाहार की पूर्ण होती दिनांक 30नवंबर को सायंकाल 4:00 होगी। याद रहे कि राहुल जायसवाल के निवास पर प्रतिवर्ष इस तरह केकार्यक्रम का आयोजन होताहै। जिसमें नासिक, वाराणसी से विद्वानों के द्वारा संपादित कराया जा रहा है। शोभायात्रा विशेष रूप से बिलारी चौकसे आरंभ होकर मंगलवार चौराहा दुर्गा मंदिर तक निकाली जावेगी तथा दुर्गा मंदिर चौराहे पर पूज्य पद शंकराचार्य का स्वागत एवं नगर अभिनंदन किया जावगा। जिसमें लगभग हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति मे आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित सभी जनप्रतिनिधियों, नागरिक, समस्त जायसवाल की उपस्थिति रहेगी।

### लाड़ली बहना योजना से सशक्त हो रही महिलाएं

**नर्मदापुरम।** लाड़ली बहना योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना, उन्हें स्वावलंबी बनाना और परिवार के निर्णयों में उनकी भागीदारी को मजबूत करना है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह दी जाने वाली सहायता राशि से महिलाएं अपनी आवश्यकताओं के साथ-साथ छोटे-छोटे स्वरोजगार कार्य शुरू कर रही हैं, जिससे उनका सामाजिक एवं आर्थिक स्तर ऊँचा उठ रहा है। लाड़ली बहना योजना एक प्रभावी महिला सशक्तिकरण पहल के रूप में जिले की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## कांग्रेस ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में आ रही समस्याओं को लेकर तहसीलदार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है जिसमे नागरिकों को समस्या आ रही हैं जिसको लेकर पहले कांग्रेस के एस आई आर नगर प्रभारी प्रकाश चौरसिया ने नगर कांग्रेस की बैठक ली जिसमें बिंदुवार समस्याओं पर चर्चा की। इसके उपरांत कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने तहसीलदार से समाधान के लिए चर्चा की तहसीलदार को बताया। सर्वे कार्य मैं बी एल ओ द्वारा मैपिंग के उपरांत जो फर्म भरे जा रहे है उसमे मत दाताओ के हस्तक्षर के समय ही एक कॉपी मत दाताओ को दिलाई जाए। वंशावली मैं जिन मत दाताओ के माता पिता दादा दादी के नाम नहीं मिल रहे है उसका हल निकला जाए। कई स्कूलों के सभी शिक्षक चुनाव प्रक्रिया मैं लगे होने के कारण स्कूल बंद है उन स्कूलो मैं शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था बना कर बच्चो की पढ़ाई प्रारंभ करवाए। ।कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने उपरोक्त समस्याओं के निराकरण की माँग की जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके एवं कर्मचारी निश्चिन्त होकर इस कार्य को कर सके। इस अवसर पर एस आई आर नगर प्रभारी प्रकाश चौरसिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला, राजू खंडेलवाल, मोहन सोनी, द्वारका चौधरी, सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

## मुस्कान संस्थान में मनेगी श्री सत्य साई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री सत्य साई बाबा के 100वें पावन जन्मोत्सव के अवसर पर मुस्कान संस्थान, इटारसी में आगामी रविवार, 23 नवम्बर 2025 को भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन को लेकर श्री सत्य साई सेवा संगठन, इटारसी द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:30 बजे न्यास कॉलोनी से निकाली जाने वाली भव्य रैली से होगी। इसके बाद 10:30 बजे से 12:00 बजे तक हवन एवं विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से जनकल्याण की प्रार्थना की जाएगी। सायंकालीन सत्र में 4:00 से 5:00 बजे तक भजन, नाट्य एवं नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा, वहीं 5:00 से 6:00 बजे तक वेद पाठ एवं नामावली का आयोजन किया जाएगा।

विशेष आकर्षण के रूप में 6:30 से 7:00 बजे तक विशेष भजन संध्या आयोजित होगी तथा 7:00 से 7:15 बजे पुरस्कार वितरण, महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और बाबा के दिव्य आशीर्वाद का लाभ लेने की अपील की है।

## 24 घंटे में पुलिस ने चोरी गई बाइक बरामद की, अपचारी बालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



थाना रामपुर गुर्रा पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने इस मामले में एक अपचारी बालक को पकडऩे में भी सफलता हासिल की है। घटना 21 नवंबर 2025 की है, जब फरियादी अनिकेत पुत्र सुरेन्द्र सिंह राजपूत (26), निवासी ग्राम ग्वाड़ी खुर्द ने थाना रामपुर गुर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पीले रंग की मोटर सायकिल (क्रमांक एमपी 48 जेडए 6824) घर के सामने से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 146/2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साईं कृष्णा थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, तथा एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विपिन पाल और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अपचारी बालक को पकड़ा और चोरी गई मोटर साइकिल बरामद कर ली। कार्रवाई में सराहनीय योगदान उप निरीक्षक विपिन पाल, थाना रामपुर गुर्रा सहायक उपनिरीक्षक अनिल शर्मा, हर्षित मौर्य, आरक्षक विजय अखंडे, बृजलाल धुर्वे, टीटू मर्सकोले का रहा।

**चार्टस् और मॉडल्स की एक शानदार प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**

## प्रतिभाएं: जीनियस प्लानेट के नन्हे वैज्ञानिकों का कमाल चंद्रयान-3 से लेकर स्मार्ट सिटी तक, मॉडलों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के प्रतिष्ठित सीबीएसई शिक्षण संस्थान, जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए विभिन्न विषयों के चाट्र्स और मॉडल्स की एक शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य आकर्षण एवं उद्घाटन प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रितेश शर्मा, रोटरी क्लब इटारसी के सचिव देवेन्द्र गोयल, डॉ. सुनील देवानी, और डॉ. नीलम ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बीके पटेल और संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में आकर विद्यार्थियों का उत्साह



बढ़ाया। प्रोजेक्ट्स का वर्गीकरण विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए पूरे एग्जिबिशन को कई विशिष्ट ज़ोन्स में वर्गीकृत किया।

सोशल साइंस जोन, लैंग्वेज जोन इसके अतिरिक्त, स्कूल की अब तक की समस्त गतिविधियों की तस्वीरों के साथ एक आर्ट गैलरी और एक विस्तृत एक्टिविटी गैलरी भी लगाई गई।

#### प्रदर्शित किए गए प्रमुख मॉडल

स्कूल के छात्रों ने सम्बंधित विषयों पर बहुत सुंदर चाट्र्स, चलित और अचलित मॉडल्स प्रदर्शित किए। जिनमें वैक्यूम क्लीनर, सोलर एनर्जी, हार्ट ब्लड प्यूरीफायर सिस्टम, प्लांटेशन सिस्टम, चंद्रयान-, एयर प्यूरीफायर सिस्टम, डायलिसिस सिस्टम, ट्रिग्नोमेट्री टेबल, एसिड रेन, फुटबॉल एवं बास्केटबॉल स्टेडियम, क्विज बोर्ड, एयर पॉल्यूशन, हाइड्रोलिक सिस्टम, स्मार्ट सिटी, रनिंग ट्रैक, फायर अलर्ट अलार्म, ज्वालामुखी आदि मॉडल को सराहना मिली। कार्यक्रम में सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक मो. जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी ने किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए प्रोजेक्ट्स की दिल खोलकर सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने इस बात पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रत्येक छात्र न केवल शानदार मॉडल प्रस्तुत कर रहा था, बल्कि उसे विस्तार से समझा भी रहा था।

### जुआ में लगाए जा रहे लाखों रुपए का दांव

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के कुछ ग्रामों में जुआ फड़ संचालित की जा रही हैं, जहां प्रतिदिन लाखों रुपए दांव पर लगाए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि शोभापुर सहित समीप के एक गांव में यह खेल कुछ समय से लगातार चल रहा है। लंबे समय से जुंआ खेल का होते ही रहना तालमेल व घालमेल की ओर इशारा करता है। नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि जुंआरियों को पूर्ण सुरक्षा व सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। 52 पत्तों पर बड़ी रकम दांव पर लगाने के शौकीनों के वाहन प्लेइंग ज़ोन से काफी दूर खड़े करवाए जाते हैं। फिर उन्हें बाइक से ज़ोन तक ले जाया जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि युवा पीढ़ी जल्द बड़ी राशि कमाने के भ्रामक चक्कर में बर्बादी की ओर बढ़ चली है। लेकिन युवाओं को बर्बाद होने से रोकने के लिये ज़िम्मेदार विभाग आंखें बंद किये मौन मुद्रा में है।

## श्री राम विवाह महोत्सव:25 नवंबर को निकलेगी दूल्हा राजाओं की बारात, होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी स्थित श्री देवल मंदिर में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक श्री राम विवाह महोत्सव का साप्ताहिक आयोजन धूमधाम से चल रहा है। इस वर्ष समिति अपना 41 वॉ आयोजन कर रही है, जिसके तहत 20 से 26 नवंबर 2025 तक विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चल रही है। इस महोत्सव में ओरछा की तर्ज पर भगवान श्री राम का विवाह समारोह संपन्न कराया जाता है, जिसमें अब तक 19 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है और आने वाले दिनों में और अधिक जोड़ों के पंजीयन की संभावना है।

**मुख्य आकर्षण : बारात और विवाह संस्कार**

महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 25 नवंबर, मंगलवार को होगा। शाम 6 बजे, श्री द्वारिकाधीश



मंदिर, तुलसी चौक से भगवान श्री रामजी और अन्य सभी दूल्हा राजाओं की भव्य बारात बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ रवाना होगी। यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री देवल मंदिर स्थित जनकपुरी पहुंचेगी, जहां सामूहिक विवाह संस्कार की सभी रस्में पूरी की जाएंगी।

25 की शाम के कार्यक्रमों में शाम 7 बजे : आध्यात्मिक प्रवचन, रात 9 बजे : देवी जागरण (विशेष मंच पर, रात 10 बज : बारात का भव्य स्वागत, रात 11 बजे : जयमाला एवं प्रीतिभोज, रात 12 बजे : पाणिग्रहण संस्कार (विवाह संपन्न)

#### कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा

सप्ताह व्यापी इस आयोजन का शुभारंभ 20 नवंबर, गुरुवार को रात 8 बजे रामलीला मंचन के साथ हो चुका है। आज 21 नवंबर 7 शुक्रवार की रात 9 बजे से सुंदरकांड पाठ, 22 नवंबर शनिवार को दिनभर अखंड सीताराम कीर्तन, 23 नवंबर रविवार, सुबह 9 बजे महिला मंडल द्वारा रामसत्ता, 24 नवंबर सोमवार को सुबह 10 बजे मंडपाच्छादन एवं सत्यनारायण कथा, 25 नवंबर मंगलवार को सुबह 9 बजे कन्या भोज एवं भंडारा, 26 नवंबर बुधवार को सुबह 7 बजे विदाई समारोह होगा। आयोजन समिति ने नगरवासियों से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद देने और कार्यक्रम को सफल बनाने का हार्दिक आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### कैंसर पीड़ित युवक ने जहर खाया, मौत

**बैतूल।** ग्राम रौंधा में शनिवार सुबह एक 40 वर्षीय युवक अपने बिस्तर पर मृत पाया गया। आशंका है कि गले के कैंसर से पीड़ित होने के कारण उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दशरथ पिता रमेश तिडगाम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दशरथ पिछले लगभग तीन वर्षों से गले के कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसका इलाज पाढर अस्पताल में चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में कोई विशेष सुधार नहीं हो रहा था। इस बीमारी और इलाज से कोई राहत न मिलने के कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान और अवसादग्रस्त रहने लगा था। शनिवार सुबह करीब 7 बजे जब परिजन उसे जगाने पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में मिला। बिस्तर के पास जहरीले पदार्थ के सेवन के संकेत भी दिखाई दिए। घटना की सूचना मिलते ही बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज श्री सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मोत्सव

**बैतूल।** श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में आज रविवार जेएच कॉलेज महाविद्यालय सभागृह में शाम 6 बजे से 8.30 बजे तक श्री सत्य साई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला सेवा प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि श्री सत्य साई बाबा ने अध्यात्म के अलावा भी अनेक सामाजिक कल्याण कार्यों के माध्यम से आदर्शों को वास्तविकता में बदलने का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री सत्य साई सेंट्रल ट्रस्ट छात्रों को उच्च-गुणवत्ता वाली निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा और इस क्षेत्र के हज़ारों सूखा प्रभावित गांवों में पेयजल उपलब्ध कराना भी उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है। श्री शर्मा ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आदिवासी दल देंगे दिवाड़ी गोठान महोत्सव में प्रस्तुति

**बैतूल।** आदिवासी गायकी/ठाठिया गोंड समाज संगठन एवं समस्त आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में दिवाड़ी गोठान एवं भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन आज 23 नवंबर रविवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे पड़ापेन ठाना, रेन बसेरा, सदर से एक विशाल रैली के साथ होगी। रैली अंबेडकर चौक, कोठी बाजार बस स्टैंड, कलेक्टर कार्यालय रोड, शिवाजी चौक से होती हुई सीधे शिवाजी महाराज ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जहां मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति की दुर्गा उइके एवं आरती परते ने बताया कि इस महोत्सव में जिलेभर के ठाठिया/गायकी नृत्य दल, गोंडी डंडार दल सहित सभी आदिवासी नृत्य दलों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक एकता को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। संगठन ने आदिवासी समाज के सभी सगाजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी संस्कृति और पहचान को गौरवान्वित करने की अपील की है।

### केंद्रीय मंत्री और विधायक ने टिकारी-गाड़ाघाट मार्ग का किया भूमिपूजन

# समन्वित प्रयासों और सहयोग से बैतूल होगा मॉडल नगरः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

7 करोड़ 90 लाख की लागत से बनने वाले 2.70 किलोमीटर लंबे सडक़ टिकारी-गाड़ाघाट मार्ग (बैतूल स्टेशन मार्ग) का केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति, महेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती रजनी राजेश वर्मा, सतीश मालवीय, विक्रम वैध, विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्रीमती प्रीति पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि विधायक श्री खंडेलवाल के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हो रही हैं। जिस मार्ग का बजट पहले लगभग 2 करोड़ था, उसे विधायक जी ने अपने प्रयासों से बढ़ाकर लगभग 8 करोड़ किया है। लगातार बैतूल विकास की दृष्टि से सर्वाधिक विकसित जिला बढ़ने की और आगे बढ़ रहा हैं। आज भारत वर्ष 2047 तक सर्वाधिक विकसित, संपन्न राष्ट्र बनने की ओर गतिशील है। इस उपलब्धि के वार्डवासियों को बधाई देता हूं। विकास की गंगा जिले में इसी प्रकार प्रवाहित होती रहेगी। विधायक श्री खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की इस सडक़ की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सडक़ अत्यंत क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। लगभग एक वर्ष पूर्व



इस सडक़ की स्वीकृति मिल चुकी थी, परंतु पहले इसकी स्वीकृति गाड़ाघाट से हनुमान मंदिर तक ही थी। लेकिन नगर कारगिल चौक से यह पूरा मार्ग सबसे व्यवस्त मार्ग हैं। जिसके लिए अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और लोक निर्माण विभाग मंत्री द्वारा कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक इस सडक़ निर्माण के लिए 7.90 करोड़ की बजट स्वीकृत किया गया है। स्थायी सडक़ निर्माण के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ महीनों में इस मार्ग पर से अतिक्रमण भी चिन्हित कर हटाए गए हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि यदि स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटा लें, तो सबसे अधिक सुविधा स्वयं उन्हें ही मिलेगी। आने वाले समय में वार्डों की सडक़ों पर भी इसी तरह स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का सहयोग मिले, ताकि नालियों को भी पर्याप्त जगह मिल सके। ताकि सडक़ व्यवस्थित और पर्याप्त चौड़ी हो।

#### बैतूल मॉडल शहर के रूप में होगा विकसित

चौपाटी निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सभी के सहयोग से बैतूल को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित होगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कालापाठा से चक्कर रोड की गुणवत्ता की प्रशंसा सभी ने की है और इसी प्रकार सदर व बडोरा रोड के निर्माण की भी प्लानिंग जारी है। बैतूल को चारों दिशाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैतूल-भोपाल मार्ग पर बरेठा मार्ग से फॉरेस्ट के हिस्से संबंधित समस्याओं का भी स्थाई निराकरण किया जा रहा है। दो बड़े रोड बैतूल-अमरावती और बैतूल-आशापुर रोड की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। जिसके निर्माण से जो बड़े उद्योग बैतूल में निवेश के लिए उत्सुक हैं, उन्हें भी सुविधा मिलेगी। पथ विक्रेताओं के लिए भी रोजी रोटी का संकट निर्मित न हो इसके लिए अस्थाई और स्थायी दोनों व्यवस्थाएँ इस प्रकार बनाई जा रही हैं कि किसी की जीवन-व्यवस्था प्रभावित न हो। शहर सुव्यवस्थित दिखे और किसी का रोजी रोटी भी प्रभावित न हो इसके लिए सभी के समन्वित प्रयास और सहयोग की आवश्यकता हैं।

#### बैतूल बनेगा पानी की दृष्टि से समृद्ध जिला

आने वाले दो-तीन सालों में बैतूल पानी की दृष्टि से भी सबसे समृद्ध और विकसित जिला होगा। सबसे ज्यादा डैम बैतूल जिले में बन रहें है। उत्तम पेयजल व जल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे बड़े उद्योगों को भी यहाँ स्थापित होने में सुविधा मिलेगी। सडक़, बिजली, पानी और उद्योग—हर क्षेत्र में हम सबके संयुक्त प्रयासों से बैतूल जिला निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे बैतूल एक उभरते हुए महानगर के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक निवेश और व्यवसाय को प्रोत्साहन देने का प्रदेश व्यापी अभियान जारी हैं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि सभी प्रकार चौक चौराहे विशेष रूप से टिकारी के चौक के चौड़ीकरण के लिए 50-50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक वार्ड की मांग अनुसार खेल मैदान एवं पार्क विकसित किए जाएंगे। अंत में, उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूँ कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना पत्रक अवश्य भरें। यह हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।

### 7 साल से राशि न देने पर 1 साल कैद

## भरण - पोषण आदेश न मानने पर पति को जेल

**बैतूल।** जिले के आमला में भरण-पोषण आदेश का पालन न करने पर अदालत ने एक व्यक्ति को एक साल साधारण कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई घरेलू हिंसा एवं महिला संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 31 के तहत की गई। बताया जा रहा है कि जिले में इस आदेश का पालन न करने पर यह पहली सजा है। मामला वर्ष 2010 का है, जब पत्नी ने स्वयं और बच्चों के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि पति ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी कर ली और किसी भी तरह का भरण-पोषण देने से इंकार कर रहा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुशाग्र अग्रवाल की अदालत ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने पत्नी और दो बच्चों के लिए कुल 10,000 रुपये मासिक भरण-पोषण का आदेश दिया था, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत 5,000 और घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत 5,000 रुपये शामिल थे। यह आदेश वर्ष 2010 से प्रभावी था। पति ने 2018 में आदेश के खिलाफ अपील भी की, लेकिन अपील खारिज हो गई। इसके बावजूद उसने सात वर्षों तक एक भी किस्त जमा नहीं की। लगातार अवहेलना को अदालत ने संरक्षण आदेश का गंभीर उल्लंघन माना। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता को देने के निर्देश दिए। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आमला न्यायालय में यह पहला मामला है, जिसमें भरण-पोषण और संरक्षण आदेश न मानने पर आरोपी को सजा दी गई है।

## स्कूल से लौट रही छात्रा गन्ना ट्रॉली से टकराई, मौत

**बैतूल।** सोहागपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां स्कूल से लौट रही 6वीं कक्षा की छात्रा की गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से मौत हो गई। छात्रा ट्रॉली के बाहर निकले एंगल से टकराई थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान 13 वर्षीय अवनि खातरकर (पिता कमलेश खातरकर) के रूप में हुई है। यह घटना सांपना गांव में हुई। अवनि अपनी दो सहेलियों के साथ सोहागपुर से सांपना स्थित अपने घर लौट रही थी। रास्ते में गन्ना लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के एंगल से टकराने के कारण अवनि के सीने और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पिता और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सडक़ पर क्षमता से अधिक गन्ना लादकर गुजरने वाली ट्रॉलियों पर गहरी नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि क्षेत्र से गुजरने वाली सडक़ की क्षमता मात्र 9 टन है, लेकिन उस पर 50 टन तक गन्ना लादकर ट्रॉलियां गुजरती हैं। इससे सडक़ बदहाल हो गई है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बाचा में ग्रामीणों ने किया बोरी बंधान

**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी ने शनिवार को ग्राम बाचा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 125 बोरियों का बोरी बंधान निर्माण कार्य संपादित किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, भू-जल स्तर के संवर्धन एवं जनसहभागिता से स्थानीय जल प्रबंधन को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री नागर ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल संचय अभियान संपूर्ण मध्य प्रदेश में जन अभियान परिषद द्वारा व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें जनभागीदारी निरंतर बढ़ रही है।

उपाध्यक्ष श्री नागर ने कहा कि जिले में यह अभियान 30 दिसंबर 2025 तक निरंतर रूप से जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में छोटे-छोटे बोरी बंधान एवं स्टॉप-डैम का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल



संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के अंत में अनिल द्वारा सभी अतिथियों, नवांकुर संस्थाओं एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसमें जिपं सदस्य राजेंद्र कवडे, प्रमुख, ग्राम पर्यटन समिति अनिल उइके, नवांकुर संस्था एकता ग्रामीण जन सहयोग श्याम बेलवंशी, बज्जरवाड़ा से पवन परते, संजय यादव, खदारा से संजय धुर्वे, जन अभियान परिषद से विकासखंड समन्वयक घोड़ाडोंगरी संतोष सिंह राजपूत व ग्रामीणजन शामिल रहे और उन्होंने बोरी बंधान निर्माण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## नगालैंड की यात्रा के लिए रवाना हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत जिले से छात्र-छात्रा को लेकर शिक्षिका शनिवार नगालैंड की यात्रा पर रवाना हुईं।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न प्रांतो एवं क्षेत्रों की विविधता भरी सभ्यता, संस्कृतियों से बच्चों को परिचित कराए जाने एवं अनेकता में एकता की समृद्ध अपनी संस्कृतियों पर गर्व करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों एवं क्षेत्रों के रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों से परिचित होने के उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों को अन्य राज्यों से जोड़ा गया है।

मध्यप्रदेश को नगालैंड एवं मिजोरम से जोड़ा गया है। इन राज्यों

**शिक्षकों ने शुभकामनाएं देकर किया विदा**



के बच्चों द्वारा एक-दूसरे की संस्कृतियों को समझने और आदान-प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

सांदीपनी विद्यालय घोड़ाडोंगरी के प्राचार्य विवेक तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा इस गतिविधि के तहत किए गए प्रदर्शन के फल स्वरुप सांदीपनी शाला घोड़ाडोंगरी की कला संकाय कक्षा 11 वीं की छात्रा कुमारी प्रतिज्ञा पुत्री श्रवण उईके एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक उमेश शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय उमावि भडूस के कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के छात्र गोपाल पुत्र पुष्प कुमार डिगरसे का चयन नागालैंड राज्य के भ्रमण के लिए किया गया है। इसके अंतर्गत इन छात्र-छात्राओं को लेकर सांदीपनी शाला घोड़ाडोंगरी से मार्गदर्शी शिक्षिका ललिता चंदेल के साथ 6 दिवसीय दौरे पर नागालैंड के लिए रवाना किया गया।

कार्यक्रम के तहत यह छात्र-छात्राएं भोपाल से दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन एवं दिल्ली से नागालैंड की यात्रा वायुयान से तय करेंगे। 28 नवंबर को इन बच्चों की वापसी होगी। रेलवे स्टेशन पर विभागीय योजना अधिकारी सुबोध शर्मा, जिला आईटी समन्वयक विनोद पडलक, शिक्षक उमेश शर्मा, पालक पुष्प कुमार डिगरसे, वीरेंद्र पाटिल इत्यादि द्वारा यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए रवाना किया गया।

## झाड़ियों में छुपाकर रखी गई अवैध सागौन चरपट की जब्त



**बैतूल।** वनमण्डल दक्षिण बैतूल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में सागौन के अवैध परिवहन की मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वनमण्डलाधिकारी दक्षिण बैतूल एलके वासनिक तथा उपवनमंडलाधिकारी मुलताई संजय साल्वे के निर्देश में वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा गश्ती दल का गठन किया गया। गश्ती दल द्वारा बेलकुंड से सोनेरा डेम के पास नाले में झाड़ियों में छिपाकर रखी गई सागौन चरपट 08 नग 0.201 घन मीटर जप्त किया गया एवं मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार (विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5(1) , 15 अंतर्गत पीओआर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में जप्त वनोंपज की कीमत लगभग 12462 रुपए है। प्रकरण की विवेचना जारी है एवं आरोपी की तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में मंगल सिंह सिकरवार (वनपाल), केशव राने (वनरक्षक), खेलेंद्र राहंगडाले (वनरक्षक), संजूलाल उईके (वनरक्षक), नूर मोहम्मद (वाहन चालक), दयाल पवार दैनिक वेतन भोगी एवं बिशन वाडिवा सुरक्षा श्रमिक का विशेष योगदान रहा।

### कांग्रेस नेता विजय पारधी ने बढ़ाया खिलाडियों का हौसला

## खापाखतेड़ा में वॉलीबॉल का महासंग्राम आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

आमला ब्लॉक के खपाखतेड़ा में 20 नवंबर से शुरू हुई ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। तीन दिनों से जारी रोमांचक मुकाबलों के बाद आज 23 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में खेल का माहौल जोरों पर है, वहीं विजेता टीमों के लिए 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपए के पुरस्कार रखे गए है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़य़ों से कहा कि वॉलीबॉल जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। पारधी ने आयोजन समिति का धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में ऐसे बड़े स्तर के आयोजन प्रतिभाओं को निखारने का मजबूत मंच देते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में मनोज रहड़वे, शुभम रावत, किस्मत देशमुख, राजू देशमुख और राजेश रहड़वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैदान पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैचों का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हरि यादव, नितिन देशमुख, कुलदीप पटवारी, योगेश पवार, राजू कापसे,भोला वर्मा, जगन्नाथ माहोरे और विक्की गुजर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और फाइनल मुकाबले को लेकर उत्साह जताया।

## महाबोधि महाविहार बोधगया के लिए रवाना हुआ बैतूल का दल



**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चांटिंग समारोह में सेवा देने के लिए बैतूल जिले से सेवाभावी दल दीक्षाभूमि ट्रेन से महाबोधि महाविहार बोधगया के लिए रवाना हुआ। मान्यता है कि इस महामंगलमय चेंटिंग कार्यक्रम में सेवा देने या इसका प्रत्यक्ष साक्षी बनने भर से जीवन पुण्यफल से परिपूर्ण हो जाता है। बोधगया जाने वाले सौभाग्यशाली सदस्यों में रेखा धनराव चन्देलकर, सलिता कैलाश चन्देलकर, संगीता अशोक कापसे, अमीता सुरजु भुमरकर, राधिका अशोक पाटिल, रामा अतुलकर, लक्ष्मी भाऊराव भालेकर, अर्चना चौकीकर, मालती चौकीकर, मधुकर पाटील, सुनील नागले, कौतिका मासोदकर, देवकी राजुरकर, कौशि मालवीय, जयवंती अतुलकर शामिल है। दल को शुभकामनाओं के साथ गुलदस्ता देकर विदा करने बैतूल जिले के सैकड़ों बौद्ध अनुयायी उपस्थित रहे, जिनमें महेंद्र खोबरागड़े, नरेश भूममरकर, तुकाराम लोखंडे, डॉ. प्रमोद भालेकर, शेषराव हुरमाडे, अशोक पाटिल, मन्नूलाल पाटिल, भाऊराव भालेकर, धनराज चंदेलकर, रामदास पाटील, डॉ. मनोज वरवड़े आदि शामिल थे।

### केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष यूनिटी मार्च में हुए शामिल

# पटेल की 150वीं जयंती पर मांडवी से आठनेर तक यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे यूनिटी मार्च श्रृंखला के तहत शनिवार को जनपद आठनेर के ग्राम मांडवी स्थित गणेश कॉलेज से भव्य एकता पदयात्रा निकाली गई।

लगभग 8 किलोमीटर लंबी यह यूनिटी मार्च पुलिस ग्राउंड, आठनेर में समारोह पूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे



जोशीले नारों के साथ स्कूली विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मार्च में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में एकता के संदेश को जनझजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल की अद्भुत सूझबूझ और राष्ट्रनिष्ठा का अप्रतिम उदाहरण है। महात्मा गांधी के एक भारत के स्वप्न को साकार करने का श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे लौह पुरुष के जीवन मूल्यों और राष्ट्रनिष्ठ आदर्शों का अनुसरण कर भारत को सशक्त और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि नागपुर से आरंभ हुई भव्य यूनिटी यात्रा सोमवार को बैतूल पहुंचने वाली है, जिसका जिले में ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बैतूल रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा और अधोसंरचना के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है।

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने सरदार पटेल की जयंती पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरुष के असाधारण व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी देश के संरक्षक के रूप में आगे आए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सरदार पटेल ने विखंडित भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक व असंभव लगने वाला कार्य पूरा किया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बैतूल (म.प्र.)**

// **निविदा आमंत्रण सूचना** //

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं। मध्य प्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के बिन्दु क्र. 10 (निविदाओं के संबंध में) के अंतर्गत 10.3 सामान्यः निविदा के तहत् सूचना के प्रकाशन दिनांक से अथवा निविदा दस्तावेज के पोर्टल पर अपलोड होने के दिनांक से, जो भी बाद में हो, न्यूनतम 21 दिवस की निविदा जारी की जावेंगी।

| क्र. | टेण्डर नम्बर | जिला | कार्य का प्रकार | लघु निर्माण कार्य/मरम्मत | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) जीएसटी सहित | अमानत राशि | समयावधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_MPP_460671_1 | बैतूल | प्रशासकीय भवन मरम्मत कार्य | पेट्रोल पम्प के पास पुरानी मैंगजीन भवन की विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 4,62,000/- | 10,000/- | 21 दिवस | EMD and all documents Submission Online Only |
| 2 | 2025_MPP_460676_1 | बैतूल | आवासीय मरम्मत कार्य | थाना मुलताई में एनजीओ/ओआर क्वाटर की ड्रेनेज एवं सेप्टिक टैंक मरम्मत/निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 4,76,000/- | 10,000/- | 21 दिवस | EMD and all documents Submasion Online Only |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 24/11/2025 सायं 04.00 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती हैं। जिसका प्रकाशन टैंडर वेबसाइड पर 03/11/2025 को किया जा चुका है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेंगा।

**पुलिस अधीक्षक, जिला बैतूल**

## खबर संक्षेप

### स्टाम्प विक्रेता संतोष वर्मा का लाइसेंस निलंबित

**नर्मदापुरम।** जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि सिवनी मालवा के मुद्रांक (स्टाम्प) विक्रेता संतोष वर्मा का लाइसेंस कलेक्टर ऑफ स्टाम्प, नर्मदापुरम द्वारा निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सिवनी मालवा के निवासी कोदुलाल बरखने की शिकायत पर की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वर्मा ने स्टाम्प अधिक मूल्य पर बेचे हैं। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई और यह पुष्टि हुई कि वर्मा ने निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल की थी। इस पर कलेक्टर ऑफ स्टाम्प ने तत्काल प्रभाव से उनका लायसेंस निलंबित कर दिया तथा उप पंजीयक, सिवनी मालवा को निर्देश दिया गया कि सभी मुद्रांक विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को रोका जा सके।

### 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी से ई-साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 1 निर्माण कार्य के लिए 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी से प्राप्त प्रस्ताव पर नगर इटारसी के इन्द्रपुरा वार्ड (शा. कन्या मा. शाला पुरानी इटारसी के पास) ऐकेडमी में खेल उपकरण के लिए 99 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### पचमढ़ी उत्सव के आयोजन की बैठक 26 को

**नर्मदापुरम।** अपर कलेक्टर (विकास) / सचिव जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पचमढ़ी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्षों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए, उत्सव की तैयारियों के लिए बैठक 26 नवंबर को दोपहर 2 बजे संजय गांधी प्रशिक्षण संस्थान, पचमढ़ी में आयोजित की जाएगी।

### नायब तहसीलदार ने मंडलाध्यक्ष पर लगाए स्टाफ से अभद्रता करने के आरोप

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को नायब तहसीलदार ने दिया आवेदन

### मंडल अध्यक्ष यादव ने आरोपों को बताया निराधार, नामांतरण के लिए की जाती है रुपयों की मांग

- विधानसभा बागली के जटाशंकर मंडल में एक नया मामला सामने आया है,जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई प्रकार की चर्चा के दौर शुरू
- प्रशासनिक अधिकारी व सत्ताधारी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के बीच का विवाद खुले आम सामने दिखाई देने लगा अब आगे की कार्रवाई का इंतजार




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विधानसभा बागली के जटाशंकर मंडल में एक नया मामला सामने आया है,जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई प्रकार की चर्चा के दौर शुरू हो गए। प्रशासनिक अधिकारी व सत्ताधारी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के बीच का विवाद खुले आम सामने दिखाई देने लगा है या कहें कि ऐसे राजनीतिक संगठन के उपर एक प्रशासनिक अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाएं जो संगठन हमेशा साफ-सुथरी छवि का दावा करता है। बागली में पहली बार किसी प्रशासनिक अधिकारी ने एक भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को लिखित में शिकायत की है। बागली विधानसभा में पहली बार इतना बिगड़ा माहौल देखा जा रहा है। अनुभव विहिन नेतृत्व कर्ता नेता होने के कारण अब संगठन व पार्टी की छवि धूमिल होती दिखाई दे रही है। पार्टी संगठन के पदाधिकारियों कि नियुक्ति को अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है ओर विवादित चर्चाएं शुरू हो गई है। जानकारी अनुसार बागली तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार पीहू कुरील व्दारा विधायक बागली को जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ एक शिकायती पत्र लिखा गया।

आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो क्षेत्र में हलचल मच गई और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। नायब तहसीलदार कुरील ने बताया कि जटाशंकर मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ कार्यालय में कार्यरत रीडर द्वारा लिखित शिकायत कर निवेदन किया गया है की मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध दंडात्मक कार्यावाही की जाए। जब नायब तहसीलदार कुरील द्वारा संज्ञान लेकर जांच की गई तो गोविंद यादव द्वारा मेरे विभाग के रीडर के साथ अभद्र और अशोभनीय दादागिरी पूर्ण व्यवहार किया जाना पाया गया है, इसके पूर्व भी कृष्णा परमार पटवारी तथा मधु राठौर भृत्य के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। नायब तहसीलदार ने आरोप लगाते हुए बताया कि मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव द्वारा अपने नाम व पद का रौब दिखाते हुए एवं खुद को भाजपा मंडल का अध्यक्ष होना बताते हुए मेरे विभाग के कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है तथा मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की जाती है।

गोविंद यादव द्वारा संपूर्ण स्टाफ व न्यायालय परिसर में मौजूद पक्षकारों के सामने न केवल न्यायालय की गरिमा को धूमिल किया जाता है अपितु आपका नाम तथा आपकी पार्टी व संघ के नाम का दुरुपयोग कर उसकी गरिमा को भी धूमिल किया जा रहा है। आवेदन में बताया गया है कि गोविंद यादव द्वारा तहसील कोर्ट में मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ, गाली-गलोच करना अभद्र, अशोभनीय, अपमानजनक भाषा का उपयोग कर करना न्यायालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करना आईपीसी के साथ ही एसटी/ एससी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। यह भी कहा गया है कि यादव व्दारा विधायक व भाजपा संगठन के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। पार्टी व संघ के नाम को भी गंभीर रूप से धूमिल किया जा रहा है। नायब तहसीलदार पीहू व्दारा जो आवेदन दिया गया है, उसमें मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मांग कि गई है कि गोविंद यादव का जो कृत्य है वह क्षमा किए जाने योग्य नहीं हैं, उनके विरुद्ध अतिशीघ्र योग्य वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश जारी किया जाए।



कार्यालय तहसीलदार तहसील बागली जिला–देवास म.प्र.
क्रमांक 1102/आर–1/2025 बागली दिनांक 17/11/2025
प्रति,
श्रीमान विधायक महोदय
विधानसभा क्षेत्र बागली जिला देवास मध्य प्रदेश

विषय – श्री गोविंद जी यादव जटाशंकर मण्डल अध्यक्ष बीजेपी के विरुद्ध लेखी शिकायत प्राप्त होने बाबद।

---000---

उपरोक्त विषय में लेख है कि यह कि आपके विधानसभा क्षेत्र के जटाशंकर मंडल अध्यक्ष श्री गोविंद यादव के विरुद्ध मेरे विभाग के रीडर द्वारा लिखित शिकायत कर निवेदन किया गया है की उनके विरुद्ध दंडत्मक कार्यावाही की जावे. ऐसी शिकायत मुझे प्राप्त हुई है, जिसमें मेरे द्वारा सज्ञान लेकर जांच की गई तो श्री गोविंद यादव द्वारा मेरे विभाग के रीडर के साथ अभद्र और अशोभनीय दादागिरी पूर्ण व्यवहार किया जाना पाया गया है, इसके पूर्व भी सुश्री. कृष्णा परमार पटवारी तथा श्रीमती मधु राठौर भृत्य के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। श्री गोविंद यादव द्वारा आपके नाम व पद का रौब दिखाते हुए एवं खुद को भाजपा संघ व मंडल का अध्यक्ष होना बताते हुए मेरे विभाग के कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है तथा मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली–गलौज की जाती है श्री गोविंद यादव द्वारा संपूर्ण स्टाफ व न्यायालय परिसर में मौजूद पक्षकारों के सामने न केवल न्यायालय की गरिमा को धूमिल किया जाता है अपितु आपका नाम तथा आपकी पार्टी व संघ के नाम का दुरुपयोग कर उसकी गरिमा को भी धूमिल किया जा रहा है।श्री गोविंद यादव द्वारा तहसील कोर्ट में मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ, गाली–गलोच करना अभद्र, अशोभनीय, अपमानजनक भाषा का उपयोग कर करना न्यायालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करना 499 500 आईपीसी 356 बीएस 504 294 357 आईपीसी के साथ ही एसटी/एस सी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी मे आता है। यह कि, माननीय आप हमारे क्षेत्र के सम्माननीय जनप्रतिनिधि हैं, एवं आप स्वयं,महिलाओं,सरकारी कर्मचारियों न्याय के साथ–साथ संपूर्ण जनता का भी सम्मान करना जानते हैं। ऐसी स्थिति में आप ही की पार्टी के गोविंद यादव द्वारा आपके नाम का दुरुपयोग करना उपरोक्त वर्णित संपूर्ण कृत्य किया जाना कानून का अपमान तो है ही साथ ही आपके नाम आपकी पार्टी व संघ के नाम को भी गंभीर रूप से धूमिल किया जा रहा है

अतः श्रीमान से निवेदन है की श्री गोविंद यादव जैसे व्यक्ति जो किसी का सम्मान करना नहीं जानते, अपने पद की गरिमा नहीं जानते, आपकी पार्टी में किसी भी पद पर पदस्थ होना, आपकी पार्टी, बागली विधानसभा क्षेत्र की जनता, व अन्य लोगों के लिए भी हानिकारक है। श्रीमान से निवेदन है की श्री गोविंद यादव का जो कृत्य है वह क्षमा किये जाने योग्य नहीं हैं, उनके विरुद्ध अतिशीघ्र योग्य वैधानिक एवं दंडात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेश जारी किया जावे।

तहसीलदार,
बागली जिला देवास (म.प्र.)

#### सारे आरोप निराधार है

नायब तहसीलदार व्दारा मेरे खिलाफ जो आवेदन जारी किया गया है, वह निराधार है, मैं पार्टी के जिम्मेदार पद पर हूं। कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोगों के काम कराने होते हैं, ऐसे में नामांतरण के मामलों में रुपयों की मांग की जाती है जिसका मैं विरोध करता हूं। उसी के चलते झूठी व भ्रामिक बातें बताई जा रही हैं। सारे आरोपी निराधार है।

**गोविंद यादव, मंडल अध्यक्ष जटाशंकर**

#### मामला मेरे संज्ञान में

उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है जिसकी मेरे स्तर पर जांच की जा रही है। मंडल अध्यक्ष से की गई चर्चा के अनुसार प्रथम दृष्टि में जिन बातों को लेकर शिकायत की गई है, वह निराधार है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

**रायसिंह सेंधव, भाजपा जिला अध्यक्ष देवास**

## अधिवक्ता संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया अधिवक्ता संघ तहसील कार्यालय के बैनरतले अध्यक्ष कमलेश पुरवइया तथा सभी पदाधिकारी द्वारा अधिवक्ता जयदीप सिंह नागपाल पर आसामाजिक तत्वों द्वारा हमला करने की घटना को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शनएक्ट लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिवक्ताओं के साथ मारपीट हमला हत्या घटनाएं लगातार बढ़ रही है। इसी तारतम्य में शोभा पर सोहागपुर के बीच अधिवक्ता जयदीप सिंह नागपाल के वाहन को रोककर अपराधिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला कर वाहनको नुकसान पहुंचाया गया जिसके कारण अधिवक्ता सघमे आक्रोश है। इस कारण उन्होंने आरोपियों पर कड़ीकडीकार्यवाही करने की मांगकी है। तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कीहै। इस ज्ञापन को मध्य नगर रखते हुए।

करणी सेना ने भी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने ग़लत एफआईआर कराने तथा धाराओं में संसोधन करने की मांग की है। हालांकि एफआईआर दर्ज के आधार पर आरोपी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा जमानत अर्जी भी स्वीकार कर ली है। फिलहाल में मामला शांत हो गया है।

## वर्ष भर मेहनत के बाद थाना नाहर दरवाजा पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नाहर दरवाजा पुलिस ने लगभग डेढ़ साल पहले हुई लाखों की लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लूटा गया माल बरामद कर लिया है। यह घटना इंदौर-देवास बायपास पर हुई थी। शिकायतकर्ता ने नाहर दरवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से इंदौर से देवास आ रहा था।

इंदौर-देवास बायपास पर लक्की ढाबा और एचपी पंप के बीच सड़क किनारे खड़े होकर फोन पर बात करते समय दो अज्ञात बदमाश मोटरसाइकिल से उसके पास आए।रास्ता पूछने के बहाने रोककर पीटा, सामान लूटा बदमाशों ने पहले रास्ता पूछने के बहाने बात की, फिर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे बदमाश ने फावड़े के हत्थे से उसके हेलमेट पर वार किया। विरोध करने पर दोनों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और धमकाकर उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल, लैपटॉप, कंपनी के दस्तावेजों वाला बैग, दो जीपीएस डिवाइस कवच और पर्स लूटकर फरार हो गए। नाहर दरवाजा थाने में धारा 309 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद ने निर्देश पर थाना प्रभारी नाहर दरवाजा, निरीक्षक मंजू यादव के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्य के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सीसीटीवी फुटेज और विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी अरुण कुशवाह को अहमदपुर, जिला सीहोर से और रंजीत कुशवाह को ग्राम माहौली, जिला भोपाल से गिरफ्तार किया गया।

## अभिभाषक संघ की हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अभिभाषक संघ द्वारा मेडिको लीगल केसेज आवश्यकता, प्रक्रिया एवं कियान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एन.डी. मूंदडा चैंबर परिसर जिला न्यायालय देवास में गुरुवार को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक दो सत्रों में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र,विशेष न्यायधीश विकाश शर्मा, मेडिको लीगल इंस्टीट्यूट, भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. डी.के. सतपथी, स्टेट फॉरेन्सिक साइंस लेबोरेट्री मप्र के पूर्व निर्देशक डॉ. हर्ष शर्मा एवं देवास एडीशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया थे।

अतिथियों का स्वागत संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा व संघ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से किया।



कार्यशाला में डॉ. डी.के. सतपथी जिन्होंने गैस त्रासदी की रात उन्होंने विषाक्तता के प्रभाव, पहचान, शवों की संख्या और दीर्घकालीन अध्ययन जैसी कई चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय कार्य किया।

उनका अनुभव देश में फॉरेंसिक सेवाओं और आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। डॉ. सतपथी ने अधिवक्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुए मेडिको-लीगल मामलों की जटिलताओं, प्रक्रियाओं और न्यायिक संदर्भ में उनकी उपयोगिता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या, यौन उत्पीडऩ, विषप्रयोग, घरेलू हिंसा और संदिग्ध मृत्यु जैसे मामलों में चिकित्सा और विधिक प्रक्रियाओं का समन्वय आवश्यक होता है। आज के दौर में अपराधों में वृद्धि, चिकित्सा लापरवाही के मामले और मानवाधिकार जागरूकता के चलते ऐसे मामलों का महत्व और भी बढ़ गया है। वैज्ञानिक विधियों द्वारा तैयार मेडिकल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम, डीएनए जांच और चिकित्सीय प्रमाण न्यायिक निर्णय को प्रभावित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

वकीलों के लिए मेडिको-लीगल ज्ञान इसलिए आवश्यक है ताकि वे वैज्ञानिक साक्ष्यों का तकनीकी विश्लेषण कर सकें और न्यायालय में अपने पक्ष को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। डॉ. हर्ष वर्मा जो कि फॉरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में अपने 38 वर्षों के अनुभव है, जिसके आधार पर उन्होंने मेडिको-लीगल जांच की बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला का संचालन सचिव अतुल पंड्या ने किया एवं आभार उपाध्यक्ष पंकज पंड्या ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से संघ उपाध्यक्ष गीता शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह तोमर, पुस्कालय सचिव श्वेतांक शुक्ला सहित बडी संख्या में वरिष्ठ, कनिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता बडी संख्या में शामिल हुए।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सोनकच्छ में एकता पदयात्रा का कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में सोनकच्छ में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वायसेवी संगठनों, समाजसेवियों ने भाग लिया।



इस अवसर पर सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पड़ियार, हेमंत देवड़ा, तेजसिंह बघेल, महेश पाटीदार, बहादुर पिलवानी, मनीष जैन, गौतम सिंह राजपूत, विजेंद्र सिंह राजपूत, हरेंद्र सिंह सेंधव, अनिल चावड़ा, नरेंद्र पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी, समाज सेवियों की सहभागीता रही। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गई।सांसद सोलंकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन देवास में किया जाएगा। पदयात्रा/एकता मार्च प्रातः 11 बजे श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर, नाहर दरवाजा, नयापुरा मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर समापन होगा।

### ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किए जागरुकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेशानुसार दिनांक 01 नवम्बर 2025 से संपूर्ण प्रदेश में “ऑपरेशन मुस्कान” विशेष अभियान 01 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। जिस पर से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा उक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है। जिले में यह अभियान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात हरनारायण बाथम के दिशा निर्देश में समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी/चोकी प्रभारीगण द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय पतासाजी की जा रही है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है।इसी क्रम में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत देवास में चिमना बाई शासकीय स्कूल, थाना कन्नौद क्षेत्रांतर्गत संदीपनी स्कूल व थाना कांटाफोड़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटाफोड़ देवास में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल,उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया,निरीक्षक सुनिता कटारा,अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद आदित्य तिवारी एवं थाना प्रभारी कांटाफोड़ निरीक्षक दर्शना मुजाल्दे मय थाना बल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। सुमित अग्रवाल, आदित्य तिवारी, बबीता बामनिया एवं दर्शना मुजाल्दे ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया एवं स्कुली छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच संबंधित जानकारी एवं सायबर अवेयरनेस संबंधित जानकारी भी साझा की गई ।

## रैक प्वाइंट पर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन का 02 हजार 515 मीट्रिक टन मिला यूरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज के निर्देशन में जिले को लगातार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने शुक्रवार को देवास रेक प्वाइंट पर हिन्दूस्तान उर्वरक एवं रसायन का 02 हजार 515 मीट्रिक टन यूरिया मिला है। इसी प्रकार हरदा रैक प्वाइंट से एनएफएल यूरिया 600 मीट्रिक टन कन्नौद, खातेगांव, सतवास तहसील के लिए भी लगातार उर्वरकों की आपूर्ति की गई है।उप संचालक कृषि ने बताया कि इस रबी सीजन में वर्तमान में यूरिया 36 हजार 500 मीट्रिक टन, डीएपी 15 हजार 315 मीट्रिक टन, एनपीके 10 हजार 376 मीट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 35 हजार 120 मीट्रिक टन का भंडारण कर यूरिया 32 हजार 796 मीट्रिक टन, डीएपी 13 हजार 530 मीट्रिक टन,एनपीके 06 हजार मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फॉस्फेट 17 हजार 714 मीट्रिक टन का वितरण कृषकों को किया जा चुका है।प्रशासन ने कृषकों से अपील है कि यूरिया शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए पर उर्वरक का क्रय करें।

## खबर संक्षेप

### जसबीर सिंह खनूजा बने प्रदेश महामंत्री



**सीहोर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से सद्भावना एवं कोमी एकता प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलुजा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से युवा और अनुभवी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए टीम का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में सीहोर के ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता जसबीर सिंह खनूजा को प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### उपभोक्ताओं को छूट प्राप्त करने का मौका

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्वीक लिंक टैब में पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कंपनी के पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने हेतु “उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है सत्यापित कर सबमिट करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

### कृषि मंडी में अव्यवस्था का आलम, प्रशासन की अनदेखी के चलते आक्रोशित हुए किसान

# किसानों पर आफत, इलेक्ट्रानिक तौल कांटे पर हाथापाई, वाहनों की लंबी कतार से लगा जाम

नीलामी के बाद तोल कराने पहुंची सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, तीन-तीन कतारों में फंसे किसान गाली-गलौज और झूमझटकी से मंडी बना अखाड़ा, स्कूल बसें और एंबुलेंस भी जाम में फंसी







हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की कृषि उपज मंडी इन दिनों बदइंतजामी और मनमानी का गढ़ बन चुकी है। मंडी परिसर और शेड पर व्यापारियों का अवैध कब्जा बना हुआ है, जिससे किसानों को अपनी ही उपज बेचने और तोल कराने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। मंडी प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही ने हालात को और भी गंभीर बना दिया है। नीलामी के बाद किसान जब तोल कांटे पर पहुंचे, तो वहां पहले से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। पहले मेरी ट्रॉली का तोल कटे—इसी बात को लेकर दो किसानों के बीच कहासुनी हो गई, जो कुछ ही पलों में गाली-गलौज, हाथापाई और झूमझटकी में बदल गई।

भीड़ और अव्यवस्था के कारण एक किसान की ट्रॉली दूसरे ट्रैक्टर में फंस गई। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक गैर-न्यूट्रल हो गई, जिससे किसान बाल-बाल बच गया। मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन व्यवस्था संभालने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर नहीं आया। गुरुवार को राला स्थित नवीन कृषि उपज मंडी से नीलामी के बाद एक साथ सैकड़ों वाहन नगर की कृषि उपज मंडी की ओर रवाना हुए। इससे मुख्य सड़क पर करीब एक घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। स्कूल बसें, मरीजों को लेकर जा रहे वाहन और आम राहगीर जाम में फंसे रहे।

#### तीन-तीन कतारें, फिर भी नहीं हो पा रहा सुचारू तौल

मंडी में वाहनों की तीन कतारें लगी रहीं, लेकिन तौल की गति बेहद धीमी रही। जगह की कमी और अव्यवस्था के कारण कई किसान सड़क पर ही खड़े रहने को मजबूर हो गए, जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ती चली गई।

#### व्यापारियों का कब्जा, किसानों के लिए नहीं बची जगह

मंडी प्रांगण और शेड में चारों ओर व्यापारियों की उपज फैली हुई है। नियमानुसार यह स्थान किसानों के लिए होना चाहिए, लेकिन वास्तविकता में किसान खुले में खड़े रहने को मजबूर हैं। मंडी प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय सब कुछ नजरअंदाज कर रहा है। किसानों का कहना है हम सुबह से खड़े हैं, लेकिन तोल अब तक नहीं हुआ। प्रशासन सो रहा है। व्यापारी पूरे शेड पर कब्जा किए बैठे हैं, हमें सड़क पर खड़ा होना पड़ रहा है।

## मुस्कान विशेष अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरुक




**भैरुंदा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे “मुस्कान विशेष अभियान” के अंतर्गत थाना भैरुंदा द्वारा गुरुवार को ग्राम बोरखेड़ा कला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यार्थियों को महिला संबंधी अपराधों, बाल सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में निरीक्षक घनश्याम दांगी, उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, आरक्षक रविंद्र सहित थाना भैरुंदा का स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को विस्तार से बताया कि आज के समय में बालिकाएं किन-किन खतरों का सामना कर सकती हैं और उनसे कैसे खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। पुलिस टीम ने बालिकाओं को महिला अपराधों के प्रकार, उनकी शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा दोषियों को मिलने वाली सजा के विषय में भी जानकारी दी। साथ ही अपहरण से पहले और बाद की परिस्थितियों, उससे उत्पन्न मानसिक और सामाजिक समस्याओं को केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से जुड़े अपराधों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने साइबर सुरक्षा, अनजान लोगों से बातचीत, फोटो-वीडियो शेयरिंग और फर्जी प्रोफाइल से बचने के तरीके भी बताए।

**विद्यालय परिवार की रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य साशीता तोप्पो, संगीता सेन, शिक्षक बलवंत सिंह राजपूत, अजय कुमार दुबे, रेवा पवार सहित समस्त शिक्षकगण एवं लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित और जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मुस्कान विशेष अभियान के माध्यम से भैरुंदा पुलिस ने यह साबित किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में जागरूकता लाना भी पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में महिला एवं बाल अपराधों पर अंकुश लगाने में एक मजबूत कदम साबित होंगे।

## बीईओ ने एसआईआर प्रकिया का निरीक्षण कर दिए टीम को कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश



**इछावर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे ( एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का बीईओ एमएस नेटी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ श्री नेटी द्वारा पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ और टीम से जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बीईओ नादान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया और उनकी टीम से सर्वे कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। बीईओ ने वर्तमान कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त सर्वे कार्य को अतिशीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कई जगह कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है जिससे ब्लांक का प्रतिशत कम दिखाई दे रहा है। सभी बीएलओ उक्त कार्य को निर्धारित समय अनुसार करें। इसमें लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह बीएलओ और उनके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लाएं और शत प्रतिशत कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया, शिक्षक कमलसिंह मालवीय , कल्याण सिंह ठाकुर, मेहरबान सिंह प्रजापति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शबनमबी, बीएलए दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सड़क पर हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ओवरस्पीडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, इसलिए हाईवे और प्रमुख मार्गों पर टोल नाकों के पास स्पीड रडार गन के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों का भौतिक सर्वे किया जाए और जहां कहीं संकेतक, रिफ्लेक्टर, डिवाइडर या स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता हो, वहां तत्काल व्यवस्था की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी पुल, पुलिया और सड़कें सही स्थिति में हों तथा क्षतिग्रस्त संरचनाओं की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीहोर नगर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर यातायात में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित कर सुनियोजित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें, ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें और वहां विशेष सुरक्षा उपाय करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाए।

बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लापरवाही से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्रवाई एवं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ ने जानकारी दी कि विगत दस माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 13,821 उल्लंघनकर्ताओं पर 72 लाख 72 हजार 663 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामूहिक दायित्व है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें, नियमित मॉनिटरिंग करें और प्रत्येक माह प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आमजन से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**दुर्घटना में जान बचाने वालों को राहवीर योजना के तहत कराएं पुरस्कृत :** बैठक में कलेक्टर ने 'राहवीर योजना' की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले नागरिक को शासन द्वारा सम्मानित किया जाता है। ऐसे व्यक्ति से किसी प्रकार की पुलिस पूछताछ नहीं की जाती और समिति के निर्णय के उपरांत उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग मानवता के इस कार्य के लिए आगे आएं।

## उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया



**सीहोर।** उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना था । इस महोत्सव में कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। व विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि सुदीप प्रजापति, नगर मंडल अध्यक्ष भाजापा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी, वार्ड पार्षद सत्यनारायण वारिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभाकक्ष में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को सासंद खेल महोत्सव और महत्व को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेंद्र देशमुख के द्वारा की गई। एनएसएस ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा छात्रों को खेल अनुशासन का अनुसरण करने की बात कही गई। स्पोर्ट्स ऑफिसर रामवृक्ष भारतद्वाज द्वारा उपस्थित अतिथि गणों और अधिकारियों का आभार व धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता भार्गव ने किया। कार्यक्रम में संतोष सोनी, एसके पाठक, कार्तिक राय, डॉ. देवेंद्र साहू, एलएम अहिरवार, एलएन आहूजा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### डॉ. आंबेडकर धर्मशाला में सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

# सामाजिक बुराइयां देश के लिए घातक है, बुद्ध धम्म प्रचार समिति ने दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुद्ध धम्म प्रचार समिति नागपुर द्वारा आयोजित बुद्ध धम्म संदेश रैली का आगमन सीहोर में हुआ। डॉ. अम्बेडकर धर्मशाला मुरली रोड में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने सामाजिक बुराइयों का निषेध कर स्वस्थ समाज के निर्माण का का संकल्प लिया। आज समाज में अनेक विषमतायें व्याप्त है। गरीबी बेरोजगारी, जातिवाद, दहेज-प्रथा, नशाखोरी महिला हिंसा, भेदभाव आदि सामाजिक समस्याओं का निदान केवल शिक्षा व अतः समाज को सुशिक्षित कर उक्त समस्याओं से छुटकाडा मुक्ति मिल सकती है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में सभी समस्याओं का उपाय बताया है। अतः संविधान के प्रति जागरुकता, मौलिक अधिकारों व कर्तव्य के प्रति सबको जागरूक होना चाहिये । उक्त उद्गार समिति के संयोजक केशव सोमकुवर सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त आयकर विभाग ने व्यक्त किये। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविद् रवीन्द्र बांगरे ने युवाशक्ति को आगे आकर सामाजिक बुराइयों को नष्ट करने का आहवान किया। बोधाचार्य देवानंद वानखेडे चन्द्रपुर महाराष्ट्र ने बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप अहिंसात्मक समाज के निर्माण वे चारित्रिक शक्तियों के पल्लवन पर विचार प्रस्तुत किये। सभा में प्रमुख रूप से कमलेश दोहरे, सीताराम भारती, सुनील फरेला, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, प्रेमलता शैल, देवेन्द्र अहिरवार, नीरज जाटव, महेश कुमार, मधुसुदन अग्रवाल, धन्नालाल परचोले, सुरेश महोबिया, दयाराम गवाटिया, एन.पी.नागेश, जनम सिंह परमार, रामचरण दसलानिया, घनश्याम जाटव, प्रिंस जांगड़ा, घनश्याम बकोरिया, कृष्णा सूर्यवंशी, हेमंत डोहरे, दीपक सोनकर सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया फील्ड निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने शुक्रवार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड पर बीएलओ से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने गणना फार्मों के वितरण और प्राप्ति की स्थिति तथा बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने बुधनी विधानसभा के अंतर्गत भैरूंदा, रेहटी, तथा बुधनी तहसील के अनेक मतदान केंद्रों पर पहुंच कर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड में होने वाली किसी भी कठिनाई को तत्काल ईआरओ एवं एईआरओ के संज्ञान में लाया जाए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और अएसआईआर का काम समय पर पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह कार्य पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को समय सीमा के भीतर सर्वे एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर कार्य के लिये बीएलओ के सहयोग के लिये लगाये गये सभी कर्मचारियों से कहा कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा तथा बुधनी एसडीएम डी.एस. तोमर उपस्थित थे।